(च) यदि उपर्युक्त भाग (घ) का उत्तर "हां" में हो तो इस मनमानेपन को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) से (ङ) एयर टैक्सी प्रचालकों द्वारा लिये जाने वाले किरायों पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। वे लोग अपने उत्तम वाणिज्यिक निर्णय में किराया निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र हैं। वायु निगम अधिनियम, 1953, जिसका 1 मार्च, 1994 का निरसन कर दिया गया है, एयर टैक्सी प्रचालकों पर लागू नहीं था।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

पटना दिल्ली उड़ानों में विलंब

5860. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जनवरी से 31 मार्च, 1994 तक की अवधि के दौरान पटना से दिल्ली की उड़ान संख्या 810 और दिल्ली से पटना की उड़ान संख्या 809 कितने दिनों तक समय पर चली और कितने दिनों तक विलम्ब से चली ;

(ख) विलम्ब से चलने के मुख्य कारण क्या है और सरकार ने उस समय यात्रियों को पेश आई असुविधाओं को दूर करने के लिए क्या कार्यवाही की है ; और

(ग) सरकार भविष्य में इस तरह के विलम्ब से बचने के लिए और नियत समय पर यात्रियों को उड़ान उपलब्ध करने के लिए क्या कार्यवाही कर रही है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) इस अवधि के दौरान 178 उड़ानों में से (आई सी–809 और आई सी 810 क्रमशः दिल्ली और पटना से) 103 उड़ानों में विलम्ब हुआ था और 5 उड़ानें रद्द हुई थीं। 70 उड़ानें समय पर प्रचालित हुई थीं।

(ख) विमान अनुरक्षण और हैंडलिंग के कारण 16 उड़ानों में विलंब हुआ था और 3 उड़ानें रद्द हुई थीं जबकि विमानपत्तन प्रतिबंधों, खराब मौसम, परिणामी और अन्य विविध कारणों से 8% उड़ानों में विलब हुआ था और 2 उड़ानें रद्द हुई थी। विलंब/रद्द होने के मामले में भोजन/होटल आवास के लिए स्थिति की मांग के अनुसार समुचित प्रबन्ध किया जाता है।

(ग) कारणों का पता लगाने के लिए सभी विलंबों का विश्लेषण किया जाता है और जहां कहीं संभव हो उपचारी उपाय किए जाते है परिणामी विलबों को कम करने की दृष्टि से 3 अप्रैल, 1994 से विमान प्रचालन योजना पुनर्निर्धारित की गई है।

सहारा इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के मामले में जांच में विलंब

5861. **मौलाना ओबैदुल्ला खान आजमी** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री 21 अप्रैल, 1994 को राज्य सभा में तारांकित प्रश्न संख्या 353 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि इन्दिरा गांधी अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पर सहारा इंडिया विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में जांच में जानबूझकर विलंब किया गया है अथवा किया जा रहा है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह सच है कि दमानिया एयरवेज का लाइसेंस रद्द कर दिया गया जबकि सहारा एयर लाइंस के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गयी है ;

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ; और

(ङ) सरकार इस पूरे प्रकरण की अलग से जांच कराने के लिए क्या कार्यवाही कर रही है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): (क) और (ख) दुर्घटना की जांच करने के लिए जांच न्यायालय की नियुक्ति शीघ्र ही की जाएगी ।

(ग) से (ङ) दमानिया एयरवेज के विरूद्ध कार्रवाई, उनकी उड़ानों पर रिपोर्ट किए गए सुरक्षा उल्लंघनों की जांच के बाद की गई थी ।

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 8.3.94 की सहारा इंडिया विमान की दुर्घटना की परिस्थितियों की छानबीन के लिए सरकार द्वारा एक जांच न्यायालय की नियुक्ति की जा रही है । और प्रचालक के विरूद्ध कोई कार्यवाई करना जांच के निष्कर्षों पर निर्भर करेंगी ।

Directions to station manager of Indian Airlines

5862. SHRI V. HANUMANTHA RAO: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Government have issued a circular to all Station Manager of Indian Airlines to be visible and readily available at the peak traffic times at airports;

(b) whether any such circular, has also been given to Station Managers of Indian Airlines at various centres in Andhra Pradesh;

(c) if so, the details thereof; and

(d) what directions will be given to make State Managers of Indian Airlines accessible to passengers at airports?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) to (d) Indian Airlines has been issuing internal circulars to commercial Managers|Station Managers|Airports Managers from time to time emphasising the need to provide more courteous and efficient services to passengers. Duty Managers|Duty Officers are always available during the operational hours at the airport. These officers are always accessible to public to look after their needs and redress the grievances ,if any. Station Manager at an outstation is overall incharge of all the functions at his station and he makes periodic visits to the airport. In case of major dislocation of flights he is available at airport to assist others.

Restricted areas for tourist purposes

5863. SHRI S. AUSTIN: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Government have chalked out any plan for permitting tourists to visit the restricted high mountains and hilly areas for winter tourism purposes; and

(b) if so, the details thereof?

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GULAM NABI AZAD): (a) The Government has opened up certain high mountain and hilly regions in which it is possible to promote winter tourism.

(b) The details of those areas are in attached statement.